हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 9 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 कर्मचारी संघ ने टेट सहित विभिन्न मांगों को लेकर...



07 कीचड़ भरे रास्तों से स्कूल जाने को मजबूर...



खबर संक्षेप

अपर कलेक्टर रहे अनिल कुमार डामोर का हार्ट अटैक से निधन

विदिशा। विदिशा में अपर कलेक्टर रहे अनिल कुमार डामोर का विदिशा के शासकीय बंगले में बाथरूम में



हार्टअटेक आने पर गिरने से निधन हो गया। उनका जन्म 8 जुलाई 1980 को झाबुआ जिले में हुआ था। उनकी प्रथम पदस्थापना राज्य प्रशासनिक सेवा में 17 अप्रैल 2006 को डिप्टी कलेक्टर के पद पर जिला सतना में हुई थी। इसके बाद वह वर्ष 2009 में डिप्टी कलेक्टर के पद पर जिला रीवा, संयुक्त कलेक्टर वर्ष 2012 में नरसिंहपुर, वर्ष 2015 में खंडवा, वर्ष 2018 में जिपं सीईओ सीधी तथा अपर कलेक्टर जिला मंदसोर में रहे। वर्ष 2019 में अपर कलेक्टर रायसेन और वर्ष 2023 से 2026 तक अपर कलेक्टर के रूप में विदिशा में पदस्थ रहे। स्वर्गीय डामोर को पदोन्नत कर उप सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल बनाया गया था।

आप पार्टी ने पांचों विस में कमेटियां घोषित कीं

विदिशा। आम आदमी पार्टी ने आगामी निकाय एवं विधानसभा चुनावों को लेकर जिले में संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रदेश कमेटी और सभी 52 जिलों की कमेटियों की घोषणा के बाद अब विधानसभा स्तर पर संगठन का विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में विदिशा जिले की पांचों विधानसभा कमेटियों की घोषणा की गई है। जिलाध्यक्ष नवीन शर्मा ने बताया कि विदिशा विधानसभा अध्यक्ष काशीराम रघुवंशी, गंजबासौदा से देवेंद्र केवट, कुरवाई से नरेंद्र प्रजापति, शमशाबाद से शुभम धाकड़ और सिरोंज से राजेश धाकड़ को जिम्मेदारी दी गई है। विदिशा में 34, गंजबासौदा में 29, कुरवाई में 69, शमशाबाद में 40 और सिरोंज में 34 सदस्यीय कमेटियां गठित की गई हैं। इनमें संगठन मंत्री, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रभारी शामिल हैं। राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं प्रदेश अनुशासन समिति अध्यक्ष भगवत सिंह राजपूत ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

फिजियोथेरेपी दिवस पर चिकित्सकों का सम्मान



विदिशा। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर जिला चिकित्सालय विदिशा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सिविल सर्जन डॉ. अनूप वर्मा, डॉ. राजकुमार वर्मा सहित फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. राहुल, डॉ. प्रियंका एवं इंटर्नशिप कर रहीं डॉ. आस्था सोनी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में फिजियोथेरेपी से स्वास्थ्य लाभ ले रहे मरीजों सहित अस्पताल का स्टाफ उपस्थित रहा।

अपहृत नाबालिग गुना रेलवे स्टेशन पर मिली



विदिशा। आनंदपुर थाना क्षेत्र से 30 अगस्त को लापता हुई 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को पुलिस ने गुना रेलवे स्टेशन से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। विवेचना में आरोपी ओमबाबू पिता गेंदालाल प्रजापति (20) निवासी मोतीपुर हाल आनंदपुर द्वारा बहला-फुसलाकर बालिका को ले जाना सामने आया। पुलिस ने प्रकरण में पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

नंदमहोत्सवः ढोल-नगाड़ों की गूंज और कृष्ण भक्ति से सराबोर हुआ पूरा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

31 साल पुरानी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शहर में मंगलवार को एक बार फिर नंद महोत्सव मनाया गया। हजारों की संख्या में लोग और गोविंदाओं की दर्जनों टोलियों ने पारंपरिक तरीके से नंद महोत्सव मनाया। मप्र के अलावा उत्तरप्रदेश तथा रायसेन, सागर और भोपाल से करीब 25 टीमें मटकी फोड़ प्रतियोगिता में शामिल हुईं। आयोजन का सबसे अनूठा पक्ष यह रहा की इस बार करमेढ़ी गांव से मुस्लिम समाज के करीब 70 लोगों ने भाग लिया।



इस बार का नंद महोत्सव केवल भगवान श्रीकृष्ण के प्रति आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे की मिसाल भी बना। गोवर्धनधारी भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित धार्मिक झांकियां और विभिन्न दलों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र बनी।



नंद महोत्सव के अध्यक्ष रवि साहू के अनुसार यह परंपरा वर्ष 1996-97 में बल्लू महाराज एवं उनकी टीम द्वारा शुरू की गई थी, यह निरंतर जारी है। समारोह को भव्य स्वरूप देने के लिए। 30 नृत्यांगनाएं अपनी प्रस्तुतियां दीं। महिला मंडली भजनों की प्रस्तुति से भक्तिमय वातावरण बनाएगी।

दबिशः कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग जगह से 14 सटोरियों को किया गिरफ्तार



विदिशा। पकड़े गए सटोरियों में कई आरोपी दूसरे शहरों के भी शामिल हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- रायसेन, सांची, बीना तक से विदिशा आकर खेलते थे सट्टा।

कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 14 सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सट्टा पर्चियां, और 23 हजार 275 रुपए जब्त हुए।

इस मामले में कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में रवि श्रीवास्तव ढलकपुरा, नीरज चौरसिया टीलाखेड़ी आरएमपी नगर, मर्दन आदिवासी छापखेड़ा, थाना करारिया, शुभम वंशकार पहो पड़रिया, हरिसिंह अहिरवार लशकरपुर, गोविंद अहिरवार लुहांगी, आशीष अहिरवार रंगियापुरा, फईम खान बैस दरवाजा, विष्णु प्रसाद शर्मा कार्तिक चौक, कमलेश रघुवंशी बंटीनगर, मोहम्मद जाकिर पोहरा जिला रायसेन, सतीश तिवारी हरेराम मंदिर ब्रिज के नीचे बीना, रवि प्रसाद लोधी टीलाबहेड़िया अहमदपुर, थाना सिविल लाइन और अरविंद शर्मा बरईपुरा गल्ला मंडी गेट शामिल हैं।

विदिशा में कैंसर अस्पताल स्थापित करने की दिशा में भी तैयारियां की जा रही

मेडिकल कॉलेज में कीमोथेरेपी डे-केयर सेंटर शुरू शिवराज बोलेः अब आगे रेडियोथेरेपी भी शुरू करेंगे

कैंसर डे केयर सेंटर के संचालन के लिए 2 डॉक्टरों और 7 नर्सिंग स्टाफ को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। कार्यक्रम से पहले जिला अस्पताल रोड पर रोड शो किया गया।



विदिशा। फीता काटकर कैंसर डे केयर सेंटर का शुभारंभ करते हुए अतिथि।

बड़े शहरों में जाने की जरूरत कम होगी: शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विदिशा के कैंसर मरीजों को इलाज के लिए बड़े शहरों में जाना पड़ता है। अब ये सुविधाएं विदिशा में ही उपलब्ध कराने की कोशिश होगी। विदिशा में कैंसर मरीजों के लिए इतनी बड़ी स्वाथ्य सुविधा शुरू होना जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। मेडिकल कॉलेज डीन मनीष निगम ने और अधीक्षक डॉ अविनाष लाघवे ने बताया कि डे-केयर मॉडल में इलाज के बाद मरीज को चिकित्सकीय निगरानी में रखा जाएगा। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री लखन पटेल, विधायक मुकेश टंडन, कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, बासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी, सांची विधायक प्रभुराम चौधरी, बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव, महाराजसिंह, राकेश कटारे सहित डॉक्टर आदि मौजूद रहे।

अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को कैंसर मरीजों के इलाज के लिए कीमोथेरेपी डे-केयर सेंटर शुरू किया गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह मौजूद रहे। सेंटर शुरू होने से विदिशा और आसपास के कैंसर मरीजों को अब स्थानीय स्तर पर कीमोथेरेपी की सुविधा मिल सकेगी। कार्यक्रम से पहले केंद्रीय मंत्रियों का रोड शो भी हुआ। सेंटर के उद्घाटन के बाद शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विदिशा को आज बड़ी स्वास्थ्य सुविधा मिली है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कैंसर के इलाज की सुविधाएं बढ़ाने पर काम हो रहा है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह परमाणु ऊर्जा विभाग संभालते हैं। उनका विभाग और टाटा मेमोरियल संस्थान के सहयोग से कैंसर के इलाज की सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अभी विदिशा में कीमोथेरेपी डे-केयर सेंटर शुरू हुआ है। आने वाले समय में यहां रेडियोथेरेपी समेत दूसरी जरूरी सुविधाएं भी जोड़ी जाएंगी। कैंसर मरीजों के लिए एक अलग कैंसर अस्पताल बनाने पर भी काम होगा। बता दें कि कैंसर स्क्रीनिंग अभियान के दौरान 3 हजारों लोगों की जांच में 600 मरीजों में कैंसर की पहचान हुई और लगभग 250 संभावित कैंसर मरीजों को चिन्हित किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में मप्र के उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल वर्चुअल जुड़े।

बब्लू प्रजापति हत्याकांड में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

- 13 दिन तक उपचार के दौरान बल्लू प्रजापति की मृत्यु हो गई।

अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम की अदालत ने हत्या के मामले में ग्राम करमेढ़ी निवासी सोनू शर्मा, प्रमोद शर्मा और राकेश शर्मा को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने तीनों आरोपियों पर 25-25 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया।

एजीपी राघवेन्द्र सिंह दांगी ने बताया कि 28 अक्टूबर 2023 की रात आरोपियों ने एक राय होकर बब्लू प्रजापति के साथ गाली-गलौज करते हुए डंडों से मारपीट की थी। हमले में बब्लू के सिर, आंख और चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं। उपचार के लिए उन्हें कुरवाई से विदिशा और बाद में भोपाल के तृप्ति अस्पताल ले जाया गया, जहां 13 दिन उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मामले में कुरवाई पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया था। अभियोजन की ओर से प्रस्तुत चश्मदीद गवाह मनीष प्रजापति के बयान सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने तीनों को धारा 323, 302/34 भादंवि के तहत दोषी माना।

डेंगू लार्वा सर्वे में 837 घरों की जांच,17 में मिला लार्वा

62 संदिग्ध मरीजों की जांच, सभी की रिपोर्ट निगेटिव

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में डेंगू संक्रमण की रोकथाम और मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार डेंगू लार्वा सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मलेरिया विभाग की टीम ने विदिशा शहर के वैस दरवाजा, बजरिया, खाई रोड और कोहेफिजा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के बासौदा, त्योंदा, कुरवाई एवं पीपलखेड़ा में सर्वे किया।

सर्वे के दौरान टीम ने कुल 837 घरों में पहुंचकर पानी के कंटेनरों और संभावित मच्छर प्रजनन स्थलों की जांच की। इस दौरान 17 घरों में डेंगू का लार्वा पाया गया। टीम ने मौके पर ही कीटनाशक दवा का उपयोग कर लार्वा को नष्ट कराया। साथ ही परिवारों को घर और आसपास पानी जमा नहीं होने देने तथा डेंगू से बचाव के उपायों की जानकारी दी।

अभियान के दौरान 62 संदिग्ध मरीजों की डेंगू जांच भी कराई गई, जिनकी सभी रिपोर्ट निगेटिव आईं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। विभाग ने कूलर, फ्रिज, गमले, पानी की टंकियां, पुराने टायर और अन्य पानी के पात्रों की हर सप्ताह जांच करने की सलाह दी है। पानी के बर्तनों को नियमित रूप से खाली कर साफ करें। बड़े कंटेनरों में, जिन्हें नियमित रूप से साफ या ढंकना संभव नहीं है, प्रति सप्ताह मीठा तेल डालने की सलाह दी गई है।

बिना डिग्री के डॉक्टर बन बैठे अमित विश्वास की क्लीनिक फिर हुई सील

खौफः कार्रवाई के डर से कई बिना डिग्री के डॉक्टरों ने भी लगाए ताले

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्यारसपुर में अवैध रूप से क्लीनिक संचालित करने वाले झोलाछाप डॉक्टर अमित विश्वास के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। कार्रवाई की खबर मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और आसपास बिना अवैध डिग्री के क्लीनिक संचालित करने वाले कई कथित झोलाछाप डॉक्टर अपनी-अपनी दुकानें बंद कर मौके से चले गए।

बीएमओ डॉ. नत्थी अहिरवार ने बताया कि लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि ग्यारसपुर में बिना वैध चिकित्सकीय डिग्री एवं लाइसेंस के क्लीनिक संचालित कर एलोपैथिक पद्धति से मरीजों का उपचार किया जा रहा है। जांच के दौरान अमित विश्वास के क्लीनिक में मरीजों को ड्रिप लगाकर उपचार करते हुए पाया गया। मौके पर काफी संख्या में मरीज उपचाररत थे। जांच में वैध चिकित्सकीय दस्तावेज नहीं मिलने पर



स्वास्थ्य विभाग ने अवैध क्लीनिक को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान बीएमओ डॉ. नत्थी अहिरवार, मेडिकल ऑफिसर टी.एस. मीणा, फार्मासिस्ट तथा उपनिरीक्षक धीरज सिंह गुर्जर, गनेशराम विश्वकर्मा सहित ब्लॉक टीम मौजूद रही। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से अवैध क्लीनिक संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है,कारवाई आगे भी जारी रहेगी ।

वार्ड 26 का चुनाव निरस्त करना संविधान का उल्लंघनः माहेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नगरपालिका विदिशा के वार्ड क्रमांक 26 में प्रस्तावित चुनाव को निरस्त किए जाने के निर्णय का नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद आशीष माहेश्वरी ने विरोध किया है। उन्होंने चुनाव निरस्त करने के फैसले को अलोकतांत्रिक बताते हुए इसे संविधान और मतदाताओं के अधिकारों का उल्लंघन बताया है।

माहेश्वरी ने कहा कि वार्ड क्रमांक 26 में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनाव की घोषणा हो चुकी थी और जनता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए तैयार थी। चुनाव का पूरा कार्यक्रम जारी होने के बाद 29 तारीख को मतदान निर्धारित था, ऐसे में चुनाव को निरस्त किया जाना समझ से परे है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता के दबाव में बिना ठोस कारण चुनाव प्रक्रिया को रोका गया है। उनका कहना है कि चुनाव निरस्त करना जनता के मताधिकार पर डाका डालने जैसा है। प्रशासन को स्पष्ट करना चाहिए कि चुनाव किन कारणों से निरस्त किया गया।

माहेश्वरी ने कहा कि यह निर्णय किसी व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने और विपक्ष की आवाज दबाने के उद्देश्य से लिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि वार्ड 26 का चुनाव तत्काल बहाल नहीं किया गया तो राज्य निर्वाचन आयोग के समक्ष मामला उठाने के साथ जनता की अदालत में भी जाएंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव टाला नहीं, कराया जाता है और जनता इस पूरे घटनाक्रम का जवाब समय आने पर जरूर देगी।

अतिक्रमणकारियों की नाक में नकेल डालने वालीं अधिकारी विदिशा अटैच

ढाई साल में 170 हेक्टेयर वन भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई, सात ट्रैक्टर और 11 बाइक भी जब्त

शमशाबाद। वन परिक्षेत्र शमशाबाद की वन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलताश को अचानक विदिशा कार्यालय में अटैच किए जाने के बाद नगर और ग्रामीण क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। उनकी जगह भोपाल से आए आईएफएस अधिकारी हेमंत सिंह को शमशाबाद वन परिक्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगीता अमलताश के करीब ढाई वर्ष के कार्यकाल में वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए कई कार्रवाई की गईं। विभागीय कार्रवाई के अनुसार बरोदिया-भगवानपुर क्षेत्र में करीब 40 हेक्टेयर, संग्रामपुर-किशनपुर में 40 हेक्टेयर, वर्धा में 50 हेक्टेयर और बांसखोह क्षेत्र में करीब 40 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस दौरान सात ट्रैक्टर भी जब्त किए गए। वहीं जंगल से अवैध रूप से लकड़ी काटने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 11 मोटरसाइकिलें जब्त की गईं।

अटैचमेंट के कारण पर स्थिति स्पष्ट नहीं: अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई के बीच अचानक वन परिक्षेत्र अधिकारी को विदिशा अटैच किए जाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्रवासियों में चर्चा है कि बड़ी मात्रा में वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने वाली अधिकारी को अचानक हटाने की वजह क्या है।

डाइट विदिशा में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस

'अक्षर साथी' बनकर साक्षरता अभियान से जुड़ने छात्र-अध्यापकों को किया प्रेरित

साक्षरता व्यक्ति और समाज के विकास का आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर मंगलवार को डाइट में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य साक्षरता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के साथ छात्र-अध्यापकों को साक्षरता अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में डाइट प्राचार्य राजेश कुमार जैन, जिला सह-समन्वयक संजय श्रीवास्तव तथा डाइट व्याख्याता सुधा दुबे मौजूद रहीं। इस दौरान साक्षरता के महत्व, प्रौढ़ शिक्षा तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा से जोड़ने की आवश्यकता पर चर्चा की गई।

जिला सह-समन्वयक संजय श्रीवास्तव ने छात्र-अध्यापकों को 'अक्षर साथी' की भूमिका समझाते हुए बताया कि प्रौढ़ शिक्षा के तहत 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों को साक्षर बनाने में शिक्षित युवाओं और छात्र-अध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अपने आसपास ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन्हें पढ़ने-लिखने के लिए



प्रेरित करने का आह्वान किया। साथ ही साक्षरता संबंधी ऐप डाउनलोड कर विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता की प्रक्रिया भी बताई। डाइट प्राचार्य राजेश कुमार जैन ने कहा कि साक्षरता केवल पढ़ने-लिखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति, परिवार और समाज के समग्र विकास का आधार है। साक्षर व्यक्ति शिक्षा, रोजगार, सरकारी योजनाओं और अपने अधिकारों से जुड़े अवसरों का बेहतर लाभ उठा सकता है। उन्होंने छात्र-अध्यापकों से सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए साक्षरता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-अध्यापक उपस्थित रहे।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2160
उच्चतम भाव-6180
सरसों
न्यूनतम भाव-5290
उच्चतम भाव-7934
चना
न्यूनतम भाव-4720
उच्चतम भाव-6390
मसूर
न्यूनतम भाव-3450
उच्चतम भाव-9700
शरबती
न्यूनतम भाव-3050
उच्चतम भाव-4575
गेंहू
न्यूनतम भाव-1450
उच्चतम भाव-3139
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2613
उच्चतम भाव-2633
बटरी
न्यूनतम भाव-3310
उच्चतम भाव-4170
मूंग
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-7505
तुअर
न्यूनतम भाव-6160
उच्चतम भाव-6160
धान
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3900
उड़द
न्यूनतम भाव-4450
उच्चतम भाव-5000
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3005
उच्चतम भाव-3372
मटर
न्यूनतम भाव-2161
उच्चतम भाव-2161
मक्का
न्यूनतम भाव-1860
उच्चतम भाव-1860

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 6573 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

महाराणा प्रताप चौक से बूढ़ापुरा पुलिया तक सीसी व चौड़ीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



मंगलवार को श्री महाराणा प्रताप राजपूत समिति एवं वार्ड क्रमांक 8 तोमर गार्डन वाली रोड के निवासियों ने नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव को एक ज्ञापन सौंपकर महाराणा प्रताप चौक से बुढ़ापुरा पहुंच मार्ग पुलिया तक पक्की सीसी रोड के निर्माण और चौड़ीकरण की मांग की है। ज्ञापन का वाचन समिति के महासचिव प्रमोद सिंह राजपूत ने किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यह मार्ग कच्चा व असंतुलित है, जिसके कारण आए दिन रहवासियों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सीसीकरण हो जाने से वार्ड क्रमांक 8 लवकुश कॉलोनी, तोमर गार्डन एवं राजपूत धर्मशाला के निवासियों को सीधा और सुरक्षित मार्ग मिलेगा। निर्माण के बाद वार्ड क्रमांक 8 से सावरकर चौक वार्ड 24 तक की दूरी पैदल मात्र 10 मिनट में तय की जा सकेगी। यह मार्ग एक वैकल्पिक बायपास की तरह काम करेगा, जिससे बरेठ रोड से सावरकर चौक वाले व्यस्ततम मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। इस पूरे मार्ग पर कोई अतिक्रमण न होने से चौड़ीकरण और निर्माण कार्य बिना किसी बाधा के सरलता से पूरा किया जा सकता है। महाराणा प्रताप राजपूत समिति एवं वार्डवासियों ने नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव को पुष्पगुच्छ भेंट कर ज्ञापन सौंपा तथा जनहित में कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का आग्रह किया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने बस स्टैंड का नाम 'महाराणा प्रताप बस स्टैंड' करने पर नपा अध्यक्ष का आभार माना। ज्ञापन देने वालों में समिति के अध्यक्ष प्रवीण प्रताप सिंह, महासचिव प्रमोद सिंह राजपूत, पूर्व अध्यक्ष जगदीप सिंह, देवेंद्र सिंह जादौन, बसंत सिंह, अमान सिंह, सीबी सिंह गौतम, मुकेश सिंह, किशोर भदौरिया, अखिलेश सिंह, संतोष सिंह, शैलेंद्र राठौड़, सतनाम सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

दुर्गेश लता भगत को संस्कृत में मिली पीएचडी की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा संस्कृत विषय में दुर्गेश लता भगत को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। दुर्गेश लता भगत ने महाभारत में निहित युद्ध नीति का समीक्षात्मक अध्ययन विषय पर अपना शोध प्रबंध प्रस्तुत किया। यह शोध कार्य शासकीय एसजीएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय शोध केंद्र के माध्यम से डॉ. बालकृष्ण प्रजापति गाइड सुपरवाइजर के कुशल निर्देशन में पूर्ण किया। शोध में महाभारत में वर्णित युद्ध नीति, व्यूह रचना, चतुरंगिणी सेना, कूटनीति एवं धर्मयुद्ध के सिद्धांतों का समसामयिक संदर्भ में गहन समीक्षात्मक अध्ययन किया गया है। यह कार्य परिजनों के आशीर्वाद से संपन्न हुआ। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार, गुरुजनों, इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

उदयपुर मंदिर की दान पेटी की हुई गणना



गंजबासौदा। ग्राम पंचायत उदयपुर स्थित प्रसिद्ध नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर की दानपेटी की राशि की गणना मंगलवार को की गई। दानपेटी की राशि की गणना के लिए प्रभारी अधिकारी के रूप में नायब तहसीलदार रतिराम अहिरवार को नियुक्त किया गया था। मंगलवार को नायब तहसीलदार रतिराम अहिरवार की उपस्थिति में नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में दानपेटी खोली गई और उसमें प्राप्त राशि की विधिवत गणना कराई गई। गणना के दौरान दानपेटी से एक लाख 26 हजार 106 रुपए की राशि प्राप्त हुई। इस दौरान मंदिर समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।

नपा सीएमओ ने किया निरीक्षण



गंजबासौदा। मंगलवार को सुबह के समय नगरपालिका सीएमओ अशोक वर्मा द्वारा नगर में साफ, सफाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बरेठ रोड पर सब्जी मण्डी की दुकानों सहित मुख्य मार्ग पर की जा रही साफ, सफाई का नपा सीएमओ द्वारा निरीक्षण कर नपा सफाई कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

राज्य कर्मचारी संघ ने 25 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

कर्मचारी संघ ने टेट सहित विभिन्न मांगों को लेकर दिया ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सेवारत शिक्षकों से ली जा रही शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट के खिलाफ प्रांतीय आव्हान पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने प्रधानमंत्री के नाम एवं सभी विभागों के कर्मचारियों की 25 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम अनुभा जैन को एक ज्ञापन सौंपा। तहसील अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि कर्मचारियों ने दो ज्ञापन दिए हैं। यह पहली बार देखने में आ रहा है जब नौकरी के अंतिम पड़ाव में नौकरी बचाने के लिए के शिक्षकों को परीक्षा देना पड़ रही है। संघ ने टेट परीक्षा निरस्त करने प्रदेश एवं केंद्र सरकार से अध्यादेश लाने की मांग की है। दूसरे ज्ञापन में कैशलेश स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने, तीन संतान वाले आदेश को निरस्त करने सहित लिपिक संवर्ग को मंत्रालय कर्मियों के समान वेतनमान कर पटवारी संवर्ग का वेतनमान रिव्यू करने की मांग की है। पंचायत सचिवों को सातवें वेतनमान का लाभ देने की मांग है। इसके अलावा कृषि नगरीय निकाय आउटसोर्स कर्मियों, आयुष, स्वास्थ्य, वनकर्मियों सहित सभी विभागों के कर्मचारियों की मांगों के निराकरण की मांग पत्र सौंपा है। कर्मचारी आयोग के गठन एवं पुरानी पेंशन बहाली सहित 25 सूत्रीय पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस मौके पर बासौदा प्रभारी रश्मि सकवार एवं महेंद्र पाल सिंह रघुवंशी, राज्य शिक्षा सेवा समिति अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा तहसील अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, सचिव जितेंद्र कुमार यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। ज्ञापन के पूर्व अतिरिक्त कलेक्टर अनिल डामोर के निधन पर शोक सभा आयोजित कर संघ दो मिनिट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और बिना नारे लगाए कर ज्ञापन देने का निर्णय लिया। वहीं मप्र राज्य कर्मचारी संघ की त्योंदा इकाई के द्वारा समस्त विभागों के लगभग 300 कर्मचारियों की उपस्थिति के साथ शिक्षा विभाग की मुख्य मांग TET परीक्षा का विरोध व समस्त विभागों की एकजाई समस्याओं को समाहित कर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव के नाम त्योंदा तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

शिवाध्या का अंतर्राष्ट्रीय परीक्षा में चयन



गंजबासौदा। देश की प्रतिष्ठित संस्था यूसी मास अर्थमैटिक सिस्टम की 25वीं नेशनल लेवल प्रतियोगिता मुंबई में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से लगभग 7000 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों को निर्धारित समय में 200 प्रश्न हल करने थे। शहर की 8 वर्षीय बेटी शिवाध्या पाठक ने निश्चित समय सीमा में सभी प्रश्नों को हल करने के बाद राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। तीसरा स्थान प्राप्त करने के बाद शिवाध्या का चयन अंतरराष्ट्रीय परीक्षा के लिए हुआ है, जो दिसंबर माह में श्रीलंका में आयोजित की जाएगी।

धार्मिक आयोजनों के साथ हुआ पर्यूषण पर्व का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



आत्मशुद्धि और आत्मकल्याण का संदेश देने वाला जैन समाज का पर्युषण महापर्व मंगलवार से शुरू हो गया। श्वेतांबर जैन समाज द्वारा 9 दिवसीय पर्युषण पर्व के दौरान विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी आयोजन गांधी चौक स्थित समाज के मंदिर में धर्मघोष महाराज के सानिध्य में होंगे। समाज प्रवक्ता अशोक शाह ने बताया कि पर्युषण पर्व आत्मशुद्धि और संयम का विशेष अवसर है। इस दौरान श्रद्धालु व्रत-उपवास रखकर तप, स्वाध्याय और आराधना करेंगे। प्रतिदिन सुबह 7 बजे भगवान का अभिषेक व पूजन, दोपहर 1 बजे भक्तामर पाठ और कल्पसूत्र वाचन किया जा रहा है। दोपहर 2 बजे महिला मंडल द्वारा स्नात्र महापूजन आयोजित किया गया तथा शाम 8 बजे आरती के बाद भक्ति-भावना के कार्यक्रम आयोजित होंगे। शाह ने बताया कि 11 सितंबर को दोपहर 2 बजे श्री पोथाजी का चल समारोह निकाला जाएगा। इसके बाद 12 सितंबर को भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्युषण पर्व के दौरान समाजजन संयम, तप, स्वाध्याय और आराधना के माध्यम से आत्मशुद्धि का प्रयास करेंगे। समाजजनों ने श्रद्धालुओं से सभी धार्मिक आयोजनों में सहभागिता की अपील की है।

सड़क में उभरे गड्ढे

गंजबासौदा। पचमा बायपास मार्ग पर बारिश के चलते जगह जगह गड्ढे उभर आए हैं। इन गड्ढों में दो पहिया वाहनों के पहिया उतर जाने से वाहन अनियंत्रित हो रहे हैं। रहवासियों ने सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

एसडीईआरएफ व होमगार्ड टीम ने सिखाए आपदा बचाव के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



मंगलवार को स्कॉलर पब्लिक स्कूल में अग्निशमन मॉकड्रिल एवं व्यापक आपदा प्रबंधन जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार, जिला सेनानी होमगार्ड मयंक कुमार जैन के मार्गदर्शन में तथा कम्पनी कमांडर होमगार्ड देवी सिंह परते के नेतृत्व में एसडीईआरएफ टीम द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम में आपदा मित्र एवं सिविल डिफेन्स वॉलेंटियर्स ने भी सक्रिय सहभागिता की। मॉकड्रिल के दौरान विद्यालय के लगभग 400 छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ को आग लगने की स्थिति में सुरक्षित निकासी, अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग, प्राथमिक उपचार, आपात कालीन प्रतिक्रिया तथा संकट की स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित निर्णय लेने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। एसडीईआरएफ सैनिक देवेन्द्र सिंह द्वारा अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी देते हुए स्थानीय एवं उपलब्ध संसाधनों से इम्प्रोवाइज्ड अस्थायी रेस्क्यू उपकरण तैयार करने का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। साथ ही जीवनरक्षक प्राथमिक उपचार का सजीव प्रदर्शन करते हुए बताया गया कि किसी दुर्घटना के बाद शुरुआती कुछ मिनट घायल व्यक्ति का जीवन बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। प्रशिक्षण को व्यवहारिक एवं प्रभावी बनाने के लिए विद्यार्थियों को फायर एक्सटिंग्विशर के संचालन एवं उपयोग की तकनीक का प्रत्यक्ष अभ्यास कराया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आग पर नियंत्रण पाने की तकनीकों को स्वयं समझा और अभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका की फायर ब्रिगेड टीम द्वारा अग्निशमन वाहन के माध्यम से डेमो प्रस्तुत कर आग बुझाने की प्रक्रिया एवं आपात कालीन अग्निशमन कार्रवाई की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर एसडीईआरएफ देवेन्द्र सिंह, ऋषभ अहिरवार, देवेन्द्र किलोरिया, राजेश रघुवंशी, मनीष तिवारी, हुकुम सिंह रघुवंशी सहित विद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को संकट की घड़ी में स्वयं सुरक्षित रहने, दूसरों की सहायता करने एवं सही निर्णय लेने में सक्षम बनाना रहा।

खबर संक्षेप

हादसे में मृतक के परिजनों को शोक संवेदनाएं व्यक्त कर किया दुख जाहिर

अस्पताल प्रबंधन ने प्रेस नोट जारी कर वास्तविक स्थिति को बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नगर के सर्वोदय अस्पताल की लिफ्ट में अज्ञात कारणों के चलते वृद्ध के गिर जाने के मामले में परिजनों द्वारा जयस्तंभ चौक पर किए गए चक्का जाम एवं धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना की जानकारी मिलते ही सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाईश दी तब कहीं जाकर चक्काजाम हट सका। उक्त घटना के संबंध में अस्पताल प्रबंधन द्वारा पूरी घटना की वास्तविक स्थिति से अवगत कराते हुए को प्रेस नोट जारी करते बताया कि सोमवार को सुबह लगभग 10:43 बजे सर्वोदय हॉस्पिटल में एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हुआ। इस घटना से हॉस्पिटल प्रबंधन ने संवेदनाएं व्यक्त की हैं। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी एवं अस्पताल में लगे CCTV कैमरों की रिकॉर्डिंग के अनुसार, सुबह लगभग 10:37 बजे जुगाली अहिरवार उर्फ जुगल किशोर अपने बेटे पप्पू, जो सर्वोदय अस्पताल में भर्ती था, उससे मिलने के लिए लिफ्ट से आए थे। अपने बेटे से मिलने के बाद लगभग 5-6 मिनट पश्चात वे वापस लिफ्ट के पास पहुंचे। इसी दौरान जुगाली अहिरवार ने लिफ्ट का गेट खोलने का प्रयास किया, जिससे गेट खुल गया। उस समय लिफ्ट हॉस्पिटल के फ्लोर पर मौजूद नहीं थी, बल्कि नीचे से ऊपर की ओर आ रही थी। जुगाली अहिरवार ने लिफ्ट को नीचे की ओर देखा। इसी दौरान, अज्ञात कारणों से अथवा अनजाने में उन्होंने आगे की ओर कदम बढ़ाया, जिससे वे लिफ्ट के अंदर गिर गए। उस समय लिफ्ट हॉस्पिटल के फ्लोर से लगभग 5 फीट नीचे थी। घटना के तत्काल बाद हॉस्पिटल स्टॉफ द्वारा उन्हें बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार एवं आवश्यक चिकित्सा उपचार प्रारंभ किया गया। साथ ही देहात थाना पुलिस को सूचना दी गई। हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा परिजनों को हर संभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। घटना के पश्चात देहात थाना से प्रधान आरक्षक केके मिश्रा हॉस्पिटल पहुंचे, जहां उन्होंने जुगाली अहिरवार के बयान लिए तथा लिफ्ट की भी जांच की। स्थिति को देखते हुए जुगाली अहिरवार को बेहतर एवं उच्च स्तरीय उपचार के लिए सर्वोदय हॉस्पिटल से भोपाल स्थित चिरायु हॉस्पिटल रेफर किया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

अस्पताल प्रबंधन ने जुगाली अहिरवार के परिजनों से संपर्क कर संवेदना व्यक्त की। इसके बावजूद उनके परिजनों द्वारा जयस्तंभ चौक पर शव रखकर धरना-प्रदर्शन एवं चक्का जाम किया गया। अस्पताल प्रबंधन ने CCTV रिकॉर्डिंग थाना प्रभारी एवं संबंधित उच्च अधिकारियों को उपलब्ध करा दी गई है। इस संबंध में देहात थाना प्रभारी जय कुमार सिंह का कहना है कि एमएलसी पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

कृषि प्रणाली पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



कृषि महाविद्यालय में मंगलवार को कृषि रोड मैप के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. अपर्णा जायसवाल ने सभी वैज्ञानिकों का स्वागत किया। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम से आए वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रघुवीर सिंह एवं डॉ. राघवेंद्र सिंह ने किसानों को समन्वित कृषि प्रणाली की विधि एवं तरीकों से अवगत कराया। उन्होंने सरसों, गेहूं, सोयाबीन, धान आदि फसलों की समन्वित कृषि प्रणाली को विस्तार से समझाया और उनकी विभिन्न प्रकार की जातियों के बारे में वर्णन किया। साथ ही उन्होंने कृषि प्रणाली का संचालन कितने अच्छे ढंग से किया जाता है, उसके बारे में बताया। समन्वित कृषि प्रणाली पद्धति की प्रमुख नम्रता जैन जो कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर से आई थी उन्होंने समन्वित कृषि प्रणाली को कृषि महाविद्यालय में कैसे स्थापित हो इसके बारे में विस्तृत से बताया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विनोद कुमार गर्ग ने सभी वरिष्ठ वैज्ञानिकों का स्वागत करते हुए बताया कि कृषि महाविद्यालय में यह एक महत्वपूर्ण प्रणाली की परियोजना है। जिससे नगर सहित आसपास के सभी गांव के किसानों को इससे बहुत फायदा होगा। ओएफआर केंद्र की प्रभारी विनीता परते ने किसानों को प्रशिक्षण के दौरान कृषि की विभिन्न पद्धतियों को अलग-अलग तरीके से समझाया। कार्यक्रम के दौरान अन्य वैज्ञानिक डा.जीआर बंसल और डॉ. प्रवीण कुमार जगा ने किसानों को समन्वित पोषक प्रबंधन की जानकारी दी तथा डॉ. जीआर बंसल ने पशु प्रबंधन को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सतीश शर्मा ने किया एवं आभार डॉ. योगेश पटेल ने माना।

नगद इनाम की घोषणा

गंजबासौदा। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा देहात थाना में विभिन्न धाराओं दर्ज मामले में फरार आरोपी अनिल रैकवार उम्र 38 साल निवासी लक्ष्मीनारायण वाली गली पर पांच हजार रूपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है।

नेत्र शिविर में हुई 160 मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु नेत्र चिकित्सक डॉ. राजकरण वर्मा ने 160 नेत्र रोगियों के नेत्रों की जांच कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव की जानकारी दी। 40 मोतियाबिंद चिन्हित मरीजों को ऑपरेशन के लिए आनंदपुर भेजा गया। इस अवसर पर डॉ. ए के जैन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने ट्रस्ट द्वारा अंधत्व निवारण की दिशा कार्य की सराहनीय बतालाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेंद्र भारद्वाज ने करते हुए कहा की पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। दिलीप देसाई, हेमंत भंडारी, अंकित नाहर ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया। आगामी दिनों में ट्रस्ट द्वारा 53 हजार से भी अधिक ऑपरेशन का लक्ष्य रखा है, उसे पूरा किया जावेगा। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने जानकारी दी की 59 रोगियों को दवाई दी गई। वहीं 23 मरीजों को चश्मा वितरित किये, 39 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले गए।

खबर संक्षेप

स्कूल में पौधरोपण किया

सागर। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण अभियान के तहत भारतीय स्टेट बैंक बड़ा बाजार सागर द्वारा शहर के स्कूल में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर पद्माकर निभाने शाखा प्रबंधक एवं स्कूल स्टाफ उपस्थित था।

वी क्लब ने महिला शिक्षकों का सम्मान किया

सागर। द एसोसिएशन ऑफ़ वी क्लब्स ऑफ़ इंडिया डिस्ट्रिक्ट 323 जी 2 वीं क्लब सागर प्रेरणा ने प्रथम राष्ट्रपति, भारत रत्न डा सर्व पल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप मनाया। अध्यक्ष वी पूनम मेवाती के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में दो शिक्षिकाओं श्रेया सिंह तोमर और नीलम बंसोल का सम्मान पुष्पहार उपहार और मिठाई खिलाकर किया गया। इस अवसर पर क्लब सचिव वी सीमा गुप्ता एवं सुनीता तोमर एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

राज्य प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों का स्थानांतरण

सागर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय, सागर द्वारा प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से जिला स्तर पर राज्य प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया गया है।

सड़क और नाली के अभाव में नारकीय जीवन जी रहे ग्रामीण

कीचड़ भरे रास्तों से स्कूल जाने को मजबूर प्रजापति मोहल्ले के बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

ग्राम पंचायत करईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम विश्रामपुर के प्रजापति मोहल्ले में ग्रामीण आज भी सड़क, नाली सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए ग्रामीण तरस रहे हैं। विकास के दावों के बीच मोहल्ले की जमीनी हकीकत यह है कि यहां पक्की सड़क तक नहीं है। बारिश के दिनों में कच्चे रास्ते कीचड़ में तब्दील हो जाते हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों लल्लीराम अहिरवार,बाके लाल, सिरनाम सिंह, अंकेश, सुनील, सरदार, हरगोविंद, अनिल कुमार, रघुदी बाई, प्रेम बाई का कहना है कि बारिश होते ही मोहल्ले के रास्तों पर जगह-जगह कीचड़ और पानी जमा हो जाता है। ऐसे में पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। सबसे अधिक



परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है। प्रतिदिन बच्चे इसी कीचड़ भरे रास्ते से होकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। कई बार बच्चे फिसलकर कीचड़ में गिर जाते हैं, जिससे उनके कपड़े खराब होने के साथ चोटिल होने की स्थिति भी बनती है।

बारिश में बढ़ जाती है परेशानी, कई बार लगा चुके हैं गुहार

ग्रामीणों के मुताबिक गर्मी के मौसम में किसी तरह रास्ते से आवागमन हो जाता है, लेकिन बारिश शुरू होते ही समस्या गंभीर रूप ले लेती है। कच्चे रास्ते पर पानी और कीचड़ जमा होने के कारण दोपहिया वाहन चालकों को भी परेशानी होती है। कई बार वाहन फिसलने से लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं। वहीं बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए यह रास्ता और भी मुश्किल भरा साबित हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मोहल्ले में सड़क और नाली निर्माण की समस्या को लेकर कई बार ग्राम पंचायत के सरपंच सहित संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। ग्रामीणों द्वारा लगातार समस्या के समाधान की मांग की जा रही है, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि हर बार आश्वासन तो मिलता है, लेकिन धरातल पर अब तक कोई ठोस काम नहीं हुआ।

नाली नहीं होने से घरों के सामने भरता है पानी

मोहल्ले में नाली की व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी भी व्यवस्थित तरीके से निकल नहीं पाता। पानी रास्तों और घरों के आसपास जमा होने से कीचड़ की स्थिति और गंभीर हो जाती है। इससे ग्रामीणों को आवागमन के साथ-साथ गंदगी और मच्छरों की समस्या का भी सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि ग्राम विश्रामपुर के प्रजापति मोहल्ले की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द पक्की सड़क एवं नाली का निर्माण कराया जाए। वही उनका कहना है कि सड़क और नाली जैसी मूलभूत सुविधाएं किसी भी गांव के विकास की पहली आवश्यकता है। इसके बावजूद वर्षों से समस्या बनी रहना जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कराकर जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है, ताकि बारिश के मौसम में उन्हें कीचड़ भरे रास्तों से निजात मिल सके।

बच्चों के बीच पहुंचकर मनाया पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य का जन्मदिन

जैन मंदिरों में हुआ अभिषेक, शांतिधारा एवं भक्ताम्बर पाठ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं आईजा के राष्ट्रीय सलाहकार प्रदीप जैन आदित्य का जन्मदिन समर्थकों द्वारा धार्मिक एवं सामाजिक सेवा गतिविधियों के साथ धूमधाम से मनाया गया।

जन्मदिन के अवसर पर जहां जैन मंदिर में भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं भक्ताम्बर पाठ का आयोजन किया गया, वहीं गरीब बस्तियों और स्कूली बच्चों के बीच पहुंचकर फल, मिठाई एवं कपड़ों का वितरण कर खुशियां साझा की गईं। इस अवसर पर आइजा के प्रदेश अध्यक्ष एवं अधिवक्ता राजीव जैन सैनानी द्वारा दिगम्बर जैन मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन कराया गया। भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक एवं शांतिधारा कर भक्ताम्बर पाठ का आयोजन किया गया। धार्मिक क्रियाओं के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य की दीर्घायु, उत्तमस्वास्थ्य, सुख-समृद्धि व उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भगवान से प्रार्थना की।

बच्चों के बीच बांटी खुशियां

जन्मदिन समारोह को केवल औपचारिक आयोजन तक सीमित न रखते हुए समर्थकों ने सेवा कार्यों के माध्यम से इसे विशेष बनाया। स्कूली बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें फल एवं मिठाइयों का वितरण किया गया। बच्चों के चेहरों पर खुशी देखते ही बन रही थी। इसके साथ ही गरीब बस्तियों में पहुंचकर जरूरतमंद बच्चों को कपड़े एवं मिठाइयां वितरित की गईं। इस दौरान बच्चों और जरूरतमंद परिवारों के साथ जन्मदिन की खुशियां साझा की गईं। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी गजेन्द्र यादव, कमलेश कुशवाह, संजीव जैन रेखला, चेतन पंथी, सौरभ साहू, हबीब मंसूरी, अशोक कुशवाह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

असाधारण नेतृत्व क्षमता ने दिलाया विशिष्ट स्थानः राजीव जैन सैनानी

पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए आईजा के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता राजीव जैन सैनानी ने कहा कि प्रदीप जैन आदित्य की असाधारण नेतृत्व क्षमता, सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण एवं जनसेवा की भावना ने उन्हें एक विशिष्ट स्थान दिलाया है। उन्होंने कहा कि उनके कार्य न केवल जैन समाज के लिए गौरव का विषय हैं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदीप जैन आदित्य ने अपने कार्यों के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का प्रयास किया है। उनकी दूरदर्शिता, सरल व्यवहार और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता ने बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि जन्मदिन के इस विशेष अवसर पर ईश्वर से उनके सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करता हूं। राजीव जैन सैनानी ने कहा कि प्रदीप जैन आदित्य इसी तरह सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाते रहें और नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें।

तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न, आयोजन को सफल बनाने बनाई रूपरेखा

12 सितंबर को सिरोंज में होगा भव्य सीरत जलसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

जमीयत उलेमा-ए-हिंद, सिरोंज इकाई के तत्वावधान में हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की सीरत पर आधारित भव्य जलसा-ए-सीरत-ए-नबी का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर मदरसा फरीदिया में जमीयत उलेमा-ए-हिंद सिरोंज इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जलसे की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजकों के अनुसार अजीमुश्शान जलसा-ए-सीरत-ए-नबी का आयोजन 12 सितंबर शनिवार को रात की नमाज के बाद पुराने बस स्टैंड सिरोंज पर किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना गाजी वली अहमद



साहब करेंगे। जलसे में मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध वक्ता हजरत मौलाना सैयद शराफत अली साहब नदवी मदनी, उस्ताद-ए-हदीस, दारुल उलूम ताजुल मसाजिद, भोपाल सहित अन्य विद्वान विशेष रूप से शामिल होंगे। जलसे के दौरान विद्वानों द्वारा पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के जीवन, आदर्शों, उच्च चरित्र एवं शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है।

व्यवस्थाओं को लेकर किया विचार-विमर्श

बैठक में आयोजन स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं, लोगों की सुविधाओं, बैठने की व्यवस्था सहित कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आयोजन से जुड़ी जिम्मेदारियां सौंपने तथा जलसे में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर भी चर्चा हुई। जमीयत उलेमा-ए-हिंद सिरोंज इकाई के पदाधिकारियों ने बताया कि जलसे को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। उन्होंने समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर जलसे को सफल बनाने तथा पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की सीरत, आदर्शों एवं शिक्षाओं को सुनने की अपील की है।

भोपाल से आरोन जाते समय देवपुर पहुंचे पूर्व मंत्री, कार्यकर्ताओं ने की अगवानी

देवपुर में पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह का किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

भोपाल से आरोन जाते समय पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह का देवपुर पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। पूर्व मंत्री के देवपुर पहुंचने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में कांग्रेस परिवार के साथी एवं स्थानीय कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और पुष्पमालाओं से उनका स्वागत करते हुए आत्मीय मुलाकात की।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने जयवर्धन सिंह का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने भी सभी कार्यकर्ताओं से आत्मीयता से मुलाकात करते हुए



उनका हालचाल जाना तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस मौके पर स्वागत करने वालों में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राजपूत, शहर अध्यक्ष सैफू गौरी, देवपुर ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन राजपूत, अरविंद नगीना, अनिरुद्ध यादव, बिट्टू कुरैशी, हरनाम सिंह, वकील राजपूत, कलेक्टर सिंह, केशव राजपूत, मयंक गोस्वामी, संतोष गिर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। वही देवपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन राजपूत ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह का देवपुर आगमन कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह का अवसर है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगठन की गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी आपस में चर्चा की। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आपसी एकजुटता और उत्साह नजर आया।

रक्त परीक्षण शिविर में 186 लोगों का रक्त परीक्षण किया रक्तदान का महत्व बताया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

सरस्वती शिशु मंदिर ग्यारसपुर में समिति के तत्वावधान में रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता करते हुए स्वास्थ्य जांच कराई।

इस दौरान कुल 186 लोगों का रक्त परीक्षण किया गया। उपस्थित लोगों को रक्तदान के महत्व, जरूरतमंद मरीजों के लिए इसकी उपयोगिता तथा समय पर रक्त उपलब्ध कराने के मानवीय प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में समिति के संस्थापक राजेश तिवारी, अध्यक्ष राकेश जैन, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र दीक्षित, महिला अध्यक्ष ममता जैन, कार्यकारी अध्यक्ष विद्या यादव, युवा अध्यक्ष सुरेन्द्र राजपूत सहित समिति के करीब 40 सदस्य उपस्थित रहे। शिविर को लेकर लोगों में उत्साह दिखाई दिया।

टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में सौंपा ज्ञापन

शमशाबाद। शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को लेकर शिक्षकों-कर्मचारियों में असंतोष है। मप्र राज्य कर्मचारी संघ से जुड़े शिक्षक-कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बृजमोहन शर्मा, राजेंद्र राजपूत, राजेंद्र सिसोदिया, बालाराम नामदेव, कमलेश सेन, महेश विश्वकर्मा, सुषमा विश्वकर्मा, अंजलि सक्सेना, उषा आर्य, लीना भार्गव, फारुख खान, राजू नामदेव, धर्मवीर सिंह तोमर, राजीव साहू, मनोज धाकड़ आदि मौजूद रहे।

टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक मुखर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर ने प्रधानमंत्री के नाम दिया ज्ञापन





मप्र राज्य कर्मचारी संघ ग्यारसपुर द्वारा मंगलवार को प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार सुधीर शुक्ला को 26 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। संघ के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों के निराकरण की मांग करते हुए शासन का ध्यान आकर्षित किया।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त कर परीक्षा रद्द करने की मांग उठाई गई। संघ का कहना है कि लंबे समय से शिक्षण कार्य कर रहे उम्रदराज शिक्षकों की योग्यता एवं उनके अनुभव पर टीईटी परीक्षा के माध्यम से सवाल खड़े किए जा रहे हैं। वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे शिक्षकों को दोबारा परीक्षा के दायरे में लाना उचित नहीं है। कर्मचारी संघ ने कहा कि शिक्षकों सहित कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं और मांगों पर सरकार गंभीरता से विचार करे तथा 26 सूत्रीय मांगों का शीघ्र निराकरण किया जाए। ज्ञापन सौंपते समय संघ के पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

टीईटी की अनिवार्यता को लेकर शिक्षक आक्रोशित

लटेरी। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता को लेकर शिक्षक-कर्मचारियों ने मंगलवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के बैनर तले सौंपे गए ज्ञापन में लंबे समय से सेवाएं दे रहे शिक्षकों के हितों और उनके अनुभव को ध्यान में रखते हुए व्यावहारिक एवं न्यायसंगत निर्णय लेने की मांग की गई। शिक्षकों ने कहा कि वे वर्षों से शिक्षा व्यवस्था में सेवाएं देते हुए विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं सर्वांगीण विकास में योगदान दे रहे हैं। ऐसे में नए प्रावधान लागू करते समय कार्यरत शिक्षकों की नियुक्ति परिस्थितियों, पूर्व सेवाओं और अनुभव को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नटेरन। मप्र राज्य कर्मचारी संघ द्वारा प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों, अधिकारियों एवं शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं और मांगों के निराकरण के लिए मंगलवार, 8 सितंबर 2026 को नटेरन तहसील एवं विकासखंड स्तर पर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश शासन के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में संघ ने 31 मार्च 2015 तक नियुक्त हुए शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग को प्रमुखता से उठाया। संघ का कहना है कि वर्षों से शासकीय सेवा में कार्यरत और लंबा विभागीय अनुभव रखने वाले शिक्षकों पर टीईटी की बाध्यता थोपना अनुचित है। शासन को नियमों में संशोधन कर अनुभवी शिक्षकों को इससे तुरंत राहत प्रदान करनी चाहिए।



23 सूत्रीय मांगों पर निर्णय की अपील

संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों एवं शिक्षकों के हितों की रक्षा और लंबित मामलों के निराकरण के लिए 23 सूत्रीय मांगों का यह ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी और शिक्षक मौजूद रहे।

भुजरिया मिलन समारोह में शिक्षा, रोजगार और नशामुक्ति का संदेश

विदिशा। दांगी क्षत्रिय युवा महासंघ द्वारा भुजरिया मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष तोरण सिंह दांगी ने समाज की प्रगति के लिए शिक्षा, संगठन और रोजगार को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। विशेष अतिथि युवा महासंघ प्रदेश अध्यक्ष रवि दांगी ने युवाओं से रोजगार के अवसर तलाशने और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष दीपक दांगी ने युवाओं को नशे से दूर रहने तथा नशामुक्ति के लिए एकजुट होकर प्रयास करने की अपील की। समारोह में तोरण सिंह दांगी, विनीत दांगी, रीता अजब सिंह दांगी, मिथिलेश दांगी, सुशीला दांगी, रामकुमारी दांगी आदि मौजूद रहे।



जीवन का अनुशासन ही साक्षरता का उद्देश्य है : कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर

सागर। डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के जीवनपर्यंत शिक्षा विभाग द्वारा 60वें अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर 'भूमंडलीय समृद्धि के लिए लोक साक्षरता' विषय पर अभिमंच सभागार में व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता जलपुरुष एवं पर्यावरणविद् डॉ. राजेन्द्र सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने की। डॉ. राजेन्द्र सिंह ने कहा कि साक्षरता केवल पढ़ने-लिखने की योग्यता हासिल करना नहीं है, बल्कि प्रकृति और संस्कृति को समझकर उसके साथ समन्वय बनाकर जीवन जीना ही वास्तविक साक्षरता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली व्यक्ति को रोजगार और स्वप्रगति तक सीमित कर रही है। जलवायु परिवर्तन, संसाधनों की कमी और विस्थापन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए विद्यार्थियों में पर्यावरणीय ज्ञान, समझ और जिम्मेदारी विकसित करना जरूरी है। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव के बीच मानवीय बुद्धिमत्ता को साथ लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने कहा कि साक्षरता का उद्देश्य केवल डिग्रीधारियों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि व्यक्ति को अनुशासित और बेहतर इंसान बनाना है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री चांदनी मालवीय का नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश चांदनी पुत्री सुमंत्रा बाई व जन्म दिनांक 30.07.2013 अंकित हो गया हैं। मेरी पुत्री के अन्य दस्तावेजों अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र में चांदनी मालवीय (CHANDNI MALVIYA) पुत्री श्री दिनेश एवं जन्म दिनांक 19.07.2012 अंकित है, जो कि सही नाम व सही जन्म तिथि हैं। ओर मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना व पहचाना जाता हैं। इसलिये मेरी पुत्री का आधार अपडेट करा कर, चांदनी मालवीय (CHANDNI MALVIYA) पुत्री श्री दिनेश व जन्म तिथि 19.07.2012 अंकित कराना चाहता हूँ। भविष्य में मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना-पहचाना एवं नाम व जन्म तिथि दस्तावेजो में दर्ज किया जावे।

आवेदक
दिनेश पुत्र श्री मुसाव सिंह मालवीय
निवासी ग्राम पडरिया जागीर
जिला विदिशा म.प्र.

नदियों को प्रदूषण से बचाने सीआईआईटी कॉलेज की अनूठी पहल

रवींद्र भवन में मिट्टी से गणेश प्रतिमा निर्माण पर कार्यशाला आयोजित की गई, विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आगामी गणेश उत्सव को पर्यावरण अनुकूल और प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से सीआईआईटी कॉलेज द्वारा रवींद्रनाथ टैगोर संस्कृति भवन, दुर्गा नगर चौराह में एक दिवसीय मिट्टी से गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला एवं मूर्ति निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। आयोजन का उद्देश्य लोगों और युवाओं को प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए मिट्टी की प्रतिमाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कॉलेज प्रबंधन ने कहा कि प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित प्रतिमाओं के विसर्जन से जलस्रोत, तालाब और नदियां प्रदूषित होती हैं। ऐसे में भगवान गणेश की आराधना के साथ प्रकृति और जल संरक्षण की जिम्मेदारी निभाना भी जरूरी है। लोगों से इस गणेश उत्सव में शुद्ध मिट्टी से निर्मित प्रतिमाएं स्थापित करने की अपील की गई।

कार्यशाला में इंदौर के सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. जयंत जैन ने उपस्थित विद्यार्थियों और प्रतिभागियों को बिना सांचे के शुद्ध मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने प्रतिमा निर्माण की बारीकियां



स्वयं प्रतिमा बनाकर समझाईं। कार्यशाला में प्रवेश निःशुल्क रखा गया तथा प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। मूर्ति निर्माण प्रतियोगिता में प्रियंका तिवारी ने प्रथम, संतोष सिंह चौहान ने द्वितीय और श्रावणी जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज की प्राचार्य श्रीमती नेहा शरण ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह पहल जल और प्रकृति संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है।

वीरेन्द्र सिंह दांगी बने दांगी क्षत्रिय युवा महासंघ के ग्यारसपुर ब्लॉक अध्यक्ष

ग्यारसपुर। दांगी क्षत्रिय युवा महासंघ, जिला विदिशा के जिलाध्यक्ष डॉ. दीपक दांगी ने संगठन का विस्तार करते हुए वीरेन्द्र सिंह दांगी, पिता महेंद्र सिंह दांगी, निवासी चिरावटा को ग्यारसपुर ब्लॉक अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। नियुक्ति पत्र दिनांक 07 सितंबर 2026 को जारी किया गया।

Accredited by NAAC
With "B" Grade
Phone & Fax: 07592-234553
E-mail: heggcvid@mp.gov.in

कार्यालय प्राचार्य, राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक / 3187/26 विदिशा दिनांक 08/09/2026

।। निविदा प्रकाशन ।।

शासकीय महाविद्यालय नटेरन हेतु स्मार्ट क्लास सामग्री एवं शासकीय महाविद्यालय गुलाबगंज जिला विदिशा में ई-लाइब्रेरी सामग्री क्रय करने हेतु निविदा एम.पी. टेंडर पोर्टल पर निविदा क्रमांक 2026_HED_534405_1 Date 07-09-2026 को प्रकाशित की गई है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 21-09-2026 हैं। इच्छुक प्रदायकर्ता फर्म अपनी निविदाएँ एम.पी. टेंडर पोर्टल पर प्रस्तुत कर भाग ले सकती हैं। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय प्राचार्य का होगा।

डॉ. बी.डी. अहिरवार
प्राचार्य
रा.वि.सि.शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जिला विदिशा (म.प्र.)

रहवासियों ने बुनियादी सुविधाएं दिलाने जनसुनवाई में लगाई गुहार

साहब हम लोग सड़क, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए सालों से हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

जिले की नगर परिषद सुल्तानपुर के तहत आने वाली नगर की गोकुलधाम कॉलोनी के रहवासी सड़क, बिजली और नाली पानी की समस्याओं से खासे परेशान हैं। सालों गुजर जाने के बावजूद कॉलोनाइजर अंकुर जैन पिता विनोद जैन द्वारा वर्ष 2012 में गोकुलधाम कॉलोनी का निर्माण कराया। यहां सस्ती कीमत के प्लॉट और फ्लैट की बिक्री कर लोगों को ऊंचे दामों में विक्रय कर दिए। रहवासी पप्पू जैन, हरिबाबू विश्वकर्मा, खेमचंद, हरिशंकर विश्वकर्मा ने बताया कि गोकुलधाम कॉलोनी की बुनियादी सुविधाओं की तरफ कालोनाइजर अंकुर जैन द्वारा कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। जिले के बरेली, बाड़ी, ओबेदुल्लागंज मंडीदीप और राजधानी भोपाल में भी कालोनियों को विकसित करने और कमाई करने में में जुटे हुए हैं। वह बाड़ी छोड़कर परिवार सहित लाल घाटी भोपाल में निवासरत है। आखिर हम अपनी शिकायतें अवैध कालोनी गोकुलधाम की स्थानीय प्रशासन नगर परिषद सुल्तानपुर सहित जिला प्रशासन कलेक्टर की मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में कई आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अभी तक उनकी ठोस सुनवाई नहीं हुई है।

दफ्तरों में सिर्फ एक जवाब- अवैध है कॉलोनी

कॉलोनीवासियों नितेश साहू, उमेश शर्मा, रेखा साहू लखन लाल का कहना है कि जब वे नगर परिषद सुल्तानपुर और तहसील कार्यालय सुल्तानपुर जाते हैं तो अधिकारी कहते हैं- तुम्हारी कॉलोनी अवैध है। तहसील जाते हैं तो वहां भी यही जवाब मिलता है। इसी बात से गुस्साए लोगों ने जिला प्रशासन से सीधा सवाल पूछा है- यदि हमारी कॉलोनी अवैध थी तो हमें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ कैसे मिल गया? हमारे मकान कैसे पास हो गए? हमसे हर साल लाखों रुपए के प्रापर्टी टैक्स जलकर सहित अन्य टैक्स कैसे वसूला जा रहा है? यह सवाल नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। एक तरफ सरकार गरीबों को आवास दे रही है, दूसरी तरफ उसी कॉलोनी को अवैध बताकर सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है।



सड़क नहीं, गड्ढों में भरा है गंदा पानी

कॉलोनी की हालत सबसे ज्यादा खराब गड्ढों नुमा सड़क को लेकर है। कॉलोनी में कहीं भी सीसी रोड या डामर रोड नहीं बनी है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जिनमें हमेशा गंदा पानी भरा रहता है। नालियां नहीं होने से पानी की निकासी का कोई साधन नहीं है। बरसात में तो हालात और भी बदतर हो जाते हैं। कॉलोनी के रहवासियों ने बताया कि कई बार छोटे बच्चे स्कूल जाते समय इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो चुके हैं। बाइक से महिलाएं भी पानी भरे गड्ढों में गिर चुकी हैं। बुजुर्गों और मरीजों को अस्पताल ले जाने में भी काफी दिक्कत होती है। गोकुलधाम कॉलोनी में पीने के पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। न तो नल जल योजना का कनेक्शन है, न ही कोई सार्वजनिक नल। लोगों को दूरदराज क्षेत्रों से पानी लाना पड़ता है। गर्मी में तो यह जल संकट और गहरा जाता है। इस संबंध में नगर परिषद सुल्तानपुर के जिम्मेदार अधिकारी ओमप्रकाश नागर, और नप अध्यक्ष लक्ष्मी हेमराज मीणा बताते हैं कि गोकुलधाम कॉलोनी अवैध है। अगर कॉलोनाइजर अंकुर जैन के पास विकास अनुमति डायवर्शन संबंधी फ़ाइल संबंधी फ़ाइल रिकॉर्ड मौजूद है तो दस्तावेज उपलब्ध कराएं।

पीएम आवास तो दे दिया, सड़क-नाली-पानी देना भूल गया स्थानीय प्रशासन

सुल्तानपुर की गोकुलधाम कॉलोनी वार्ड-14 में 3 साल से लोग नरक में रहने को मजबूर हैं। नगर परिषद के जिम्मेदार टैक्स भी वसूल रहे, फिर भी अवैध बता रहे हैं। रहवासियों द्वारा आरोप लगाते हुए बताया कि कागजों पर सब ठीक है, जमीन पर कुछ नहीं। सुल्तानपुर के वार्ड नंबर 14 की गोकुलधाम कॉलोनी इसका सबसे बड़ा सबूत है। यहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान तो बन गए, लोग टैक्स भी भर रहे हैं। लेकिन सड़क, नाली और पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधा तक नहीं है। परेशान होकर मंगलवार को समस्त कॉलोनी वासियों ने कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा और समस्या का समाधान मांगा है। रहवासियों ने ज्ञापन के हवाले से बताया कि में कॉलोनाइजर गोकुलधाम कॉलोनी बनाकर अंकुर जैन पिता विनोद कुमार जैन पिता बाबूलाल जैन निवासी बाड़ी प्लॉट बेचकर रफूचक्कर हो गया है। अब कॉलोनी के लोग नगर पंचायत और तहसील के चक्कर काट रहे हैं।

इनका कहना है...

गोकुलधाम कॉलोनी पूरी तरह से वैध हो चुकी है। तत्कालीन कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा इसे वैध प्रक्रिया में लाया गया था। लेकिन नगर परिषद सुल्तानपुर के जिम्मेदार अधिकारी जनप्रतिनिधि अड़ंगे डाल रहे हैं।

अंकुर जैन, कॉलोनाइजर गोकुलधाम

पुलिस ने किया खुलासा, जिला जेल पठारी से भागने देशी कट्टा मंगवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन



जिला जेल पठारी में जेल प्रहरी दिग्विजय तोमर को गोली मारकर भागने की कोशिश के मामले में कोतवाली पुलिस ने साजिश का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, हत्या के मामले में बंद आरोपी नीलेश ठाकुर उर्फ छोटेल ने जेल से फरार होने के लिए अपने साथी राहुल बेदी के जरिए देशी कट्टा और पांच जिंदा कारतूस अंदर मंगवाए थे।

आरोपियों को भेजा जेल

2 सितंबर को जेल के मुख्य द्वार के पास जेल प्रहरी दिग्विजय सिंह तोमर को देशी कट्टा दिखाकर ताला खोलने के लिए कहा। झूमाझटकी के दौरान गोली चल गई, जो जेल प्रहरी दिग्विजय को लगी। मौके पर पहुंचे जेल स्टाफ ने आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने मामले में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं आरोपी का मामा सुप्यार सिंह अभी फरार है।

11 महीने से जेल में बंद था, जमानत नहीं मिलने से बनाया भागने का प्लान

टीआई नरेंद्र गोयल के मुताबिक, आरोपी नीलेश उर्फ छोटेल पठारी के नेपाल सिंह धाकड़ हत्याकांड में करीब 11 महीने से जिला जेल पठारी में बंद था। पूर्व में बरेली के राजकुमार राजपूत हत्याकांड में सजा होने के कारण उसे जमानत मिलने की कोई संभावना नहीं थी। इसी दौरान जिला जेल में उसकी पहचान राहुल बेदी से हुई। दोनों के बीच गहरी दोस्ती हो गई और उन्होंने जेल से भागने की योजना बनाई। पुलिस पूछताछ में नीलेश ठाकुर ने बताया कि उसने राहुल बेदी से कहा था कि जमानत होने के बाद वह उसके मामा सुप्यार सिंह से मिले, जो देशी कट्टा और कारतूस की व्यवस्था कर देंगे। राहुल बेदी को जेल पठारी के उस हिस्से की जानकारी थी जहां आसानी से बाहर का सामान अंदर पहुंचाया जा सकता था। दोनों ने जिला जेल के अंदर ही सामान पहुंचाने का स्थान तय किया। पुलिस के अनुसार, राहुल ने जिला बदर होने की बात कहते हुए यह काम अपने विश्वासपात्र दोस्त शुभम बेदी से कराने की बात कही। 19 अगस्त को सुप्यार सिंह ने राहुल के जरिए शुभम बेदी को देशी कट्टा और पांच जिंदा कारतूस दिए। इसके बाद शुभम ने जेल के बाहर से तय स्थान पर रूमाल में बांधकर एक पैकेट अंदर फेंका। नीलेश ठाकुर ने पैकेट उठाकर उसमें रखा 315 बोर का देशी कट्टा और पांच जिंदा कारतूस जेल के अंदर गुप्त स्थान पर छिपा दिए।

जेल अधीक्षक आरके चौरे के छुट्टी पर होने की जानकारी मिलते ही भागने की कोशिश

पुलिस के अनुसार, नीलेश जेल से भागने के लिए उचित अवसर का इंतजार कर रहा था। 2 सितंबर को उसे जेल अधीक्षक चौरे के छुट्टी पर होने की जानकारी मिली। इसके बाद उसने भागने की योजना बनाई। आरोपी नीलेश ठाकुर फल खाने का बहाना बनाकर जेल के आगे वाले हिस्से में पहुंचा, जो मुख्य द्वार के पास है। वहां उसने जेल प्रहरी दिग्विजय सिंह तोमर को देशी कट्टा दिखाकर मेन गेट ताला खोलने के लिए कहा। जेल प्रहरी ने विरोध किया तो दोनों के बीच झूमाझटकी हो गई। इसी दौरान देशी कट्टे से एक राउंड फायर हुआ, जो जेल प्रहरी को लग गया। गोली चलने की आवाज सुनकर अन्य जेल कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। झूमाझटकी के दौरान आरोपी से देशी कट्टा, चार जिंदा कारतूस और मोबाइल फोन नीचे गिर गए। पुलिस ने इन्हें जब्त कर लिया।

राहुल और शुभम बेदी गिरफ्तार सुप्यार की तलाश जारी

पुलिस ने मामले में आरोपी नीलेश उर्फ छोटे के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पूछताछ के आधार पर जेल से फरार होने की साजिश में शामिल राहुल बेदी और शुभम बेदी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं नीलेश के मामा सुप्यार सिंह की तलाश की जा रही है। एएसपी दीपक नायक ने बताया कि आरोपी ने जिला जेल पठारी के अंदर देशी कट्टा और जिंदा कारतूस मंगवाकर फरार होने की योजना बनाई थी। जेल प्रहरी दिग्विजय सिंह तोमर और अन्य स्टाफ की तत्परता से आरोपी को पकड़ लिया गया। फिलहाल इस मामले में फरार आरोपी की तलाश जारी है।

बाग पिपरिया के आरोग्य केंद्र में भरा पानी, संक्रमण का खतरा



बरेली। पिपरिया मार्ग पर स्थित ग्राम बाग पिपरिया के आरोग्य केंद्र की हालत खराब बनी हुई है। बारिश का पानी केंद्र में भर जाने से कीचड़ गंदगी से संक्रमण फैलने का खतरा बन रहा है। बाड़ी ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र में दर्जनों आरोग्य केंद्र है अधिकांश स्वास्थ्य कर्मचारियों के गायब बने रहने से ग्रामीणों को मामूली उपचार के लिए बरेली बाड़ी के सरकारी अस्पताल जाना पड़ता है या झोलाछाप डॉक्टरों से उपचार कराना मजबूरी बना रहता है। बाग पिपरिया ग्राम में आरोग्य केंद्र तो बना दिया गया परंतु पानी निकासी के लिए नालियां नहीं बनाई गई। ग्रामीणों का कहना है कि जब भी तेज बारिश होती है केंद्र में पानी भरने कीचड़ गंदगी की समस्या बन जाती है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उदासीनता अपने जाने के कारण नाली ना होने से बारिश में आरोग्य केंद्र में जाना कठिन और जोखिम भरा बना रहता है। बाग पिपरिया एवं लगे ग्रामों के बच्चों महिलाओं पुरुषों को बीमार होने पर बरेली जाना आना पड़ता है जिसमें समय की बर्बादी और आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है।

सरार की बदहाल सड़क को लेकर कलेक्टर से शिकायत, तीन दिन का अल्टीमेटम

सड़क नहीं सुधरी तो भूख हड़ताल पर बैठेंगे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭दीवानगंज

सांची विकासखंड की ग्राम पंचायत सरार में माध्यमिक शाला से फूल सिंह टपरा एवं खेड़ा टोला सरार तक जाने वाले करीब 3.30 किलोमीटर मार्ग की बदहाली को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि बारिश के बाद जगह-जगह कीचड़ और दलदल हो गया है। बाइक, ट्रैक्टर सहित अन्य वाहन फंस रहे हैं, वहीं कई बाइक चालक फिसलकर घायल भी हो चुके हैं। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को उठानी पड़ रही है।

सड़क की समस्या को लेकर ग्राम पंचायत सरार के सरपंच नरेश कुमार चौधरी ने जिला कलेक्टर रायसेन को आवेदन देकर तत्काल सड़क की स्थिति सुधारने की मांग की है। सरपंच ने प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि इस अवधि में सड़क दुरुस्त नहीं कराई गई तो चौथे दिन माध्यमिक शाला सरार के पास ग्रामवासियों के साथ भूख हड़ताल शुरू की जाएगी।



5.5 करोड़ की लागत से बन रहा मार्ग

ग्रामीणों के अनुसार करीब 3.30 किलोमीटर लंबा यह मार्ग लगभग 5.5 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। करीब चार महीने पहले पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क निर्माण का काम शुरू किया गया था। सड़क तैयार होने के बाद कोली खेड़ा, दहीड़ा, खोह सहित आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है।

बारिश से पहले डाली पीली मिट्टी, बारिश में बनी मुसीबत

ग्रामीणों का आरोप है कि बारिश से पहले सड़क पर पीली मिट्टी डाल दी गई थी। बारिश होते ही मिट्टी कीचड़ में तब्दील हो गई, जिससे पूरा मार्ग दलदल जैसा हो गया है। सड़क पर जगह-जगह पानी और कीचड़ जमा होने से वाहन चालकों को निकलना मुश्किल हो रहा है।

मायके न जाने के विवाद में पति ने पत्नी को कुएं में फेंका, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

थानातर्गत रानीपुरा ग्राम के एक खेत स्थित कुएं में मृत अवस्था में मिली 28 वर्षीय महिला आरती आदिवासी की मौत की गुत्थी पुलिस ने 24 घंटे में सुलझा ली। हत्या के आरोपी पति प्रदीप रघुवंशी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। टीआई संजीत परते ने बताया कि महिला की परनी में डूबने से हुई संदिग्ध मौत को लकर की गई पड़ताल में यह तथ्य सामने आया कि महिला के साथ मारपीट कर कूएं में उसके ही पति प्रदीप रघुवंशी ने धक्का दिया था। तथा फरार हो गया था। जानकारी पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। तथा पति को हिरासत मे लेकर उससे पूछताछ की। पहले तो आरोपी पति पुलिस को गुमराह करता रहा। लेकन सख्ती के साथ पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने प्रकरण से जुड़े प्रत्येक बिंदु पर गहनता से जांच की तथा प्रत्यक्ष दर्शियों, मृतका के पिता, बहनो के बयान, पंचनामा की कार्रवाही पूर्ण की।

जानकारी के अनुसार पति प्रदीप रघुवंशी निवासी बेगवाकला थाना सिलवानी पत्नि आरती के साथ अकसर मारपीट करता था जिस कारण मृतका अपने मायके रानीपुरा में पिता प्रीतम सिंह के साथ रहती थी। पति भी ससुराल में ही रहने लगा था। महिला को मायके में रहने के लिए दबाब बनाता तथा मारपीट करता था। घटना दिनांक को भी आरोपी ने महिला के साथ मारपीट की तथा उसे मारने की नियत से कूएं में धक्का देकर गिरा दिया तथा फरार हो गया।

अवैध शराब पर पुलिस की कार्रवाई, 340 क्वार्टर देशी शराब और मोटरसाइकिल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭सिलवानी

जैथारी चौकी पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 340 क्वार्टर देशी मसाला शराब सहित एक मोटर साइकिल जब्त की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। एसपी आशुतोष गुप्ता, एएसपी दीपक नायक एवं एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक संजीत परते तथा जैथारी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सुनील भदौरिया के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध अभियान के तहत शराब के अवैध परिवहन, बिक्री और निर्माण पर लगातार नजर रखते हुए कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर शराब की बोरियां लटकाकर ग्राम घोघरी से प्रतापगढ़ की ओर जाने वाला है। सूचना को वरिष्ठ अधिकारियों से साझा करने के बाद जैथारी चौकी पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर एंबुश लगाया।

पुलिस ने एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल सहित पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम बृजेश यादव पिता शम्भुदयाल यादव, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम बिछुआ, चौकी जैथारी, थाना सिलवानी बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से दो बोरियों में खुले कुल 340 क्वार्टर देशी मसाला मदिरा बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 42 हजार रुपए है। साथ ही करीब 40 हजार रुपए कीमत की बिना नंबर की मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की। कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

सेवानिवृत शिक्षकों, नव चयनित अधिकारियों और मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭बाड़ी

शिक्षक दिवस पर ग्राम गूगलवाडा के सेवानिवृत शिक्षकों, नव चयनित अधिकारियों और मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम भोपाल में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच शैलेंद्र सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम कार्यक्रम में ग्राम गूगलवाडा के 100 से अधिक छात्र छात्राएं और दो दर्जन के लगभग सेवानिवृत और वर्तमान शिक्षक शामिल हुए। वर्तमान में नव चयनित प्रशासनिक पुलिस और अन्य सेवा के अधिकारियों को भी सम्मान किया गया। सेवानिवृत शिक्षकों में मणिशंकर व्यास, बीएल अहिरवार, पन्नालाल उमरे, मानसिंह चौहान, रुखम सिंह चौहान, विजय सिंह चौहान गूगलवाड़ा, छत्रपाल सिंह चौहान, रूपसिंह चौहान का सम्मान किया गया।



शासकीय सेवाओं में ग्राम गूगलवाड़ा से नव चयनित प्रतिभाओं में भुवनेश चौहान डिप्टी कलेक्टर, कुमारी स्वीटी चौहान नायब तहसीलदार, रश्मि चौहान, नगर नियोजन अधिकारी, स्वाति चौहान चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर, राजकुमार चौहान, अरुण चौहान, रणजीत सिंह चौहान सहित अन्य प्रतिभाएं सम्मानित हुई। प्रतिभाशाली छात्र छात्रों में प्रमुख रूप से विश्वास, प्रांजलि, आराध्य, लक्ष्य मानसी, सिमरन, उज्ज्वल, शिवानी, दीपिका, परव, विवेक, निशा, अश्मिता, खुशी, रमा, सुहानी, माहेश्वरी, वैष्णवी, मोहिनी, अथर्व, मनीष, निशा, कनक, आदि को पुरुष्कृत किया गया।

एडिशनल डीसीपी चौहान ने कहा की वह भी ग्राम गूगलवाड़ा के ही छात्र है और हम सभी का दायित्व है की अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा, संबल और सहयोग के उत्साहवर्धन वातावरण बनाए ताकि निरंतर प्रतिभाओं को उदय हो। उन्होंने ये भी कहा है की ग्राम गूगलवाड़ा से लगातार नई नई प्रतिभाएँ प्रतिवर्ष चयनित हो रही है जिसको प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के आयोजन धरोहर वेलफेयर सोसाइटी संस्था द्वार किया गया। स्वागत उद्बोधन- ब्रजमोहन चौहान, संयोजन श्रीमती जयश्री चौहान एवं आभार प्रदर्शन निरंजन चौहान द्वारा किया। संचालन अभिषेक अज्ञानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पुष्कर सिंह चौहान, शुभम चौहान (लल्ला भैया), रमेश मेहरा, मनोज चतुर्वेदी, शेरसिंह चौहान आदि द्वारा सराहनीय योगदान दिया गया।

कचरे से उठती दुर्गंध से रहवासी होते हैं परेशान

सड़क पर पसरा कचरा, दीवारों पर स्वच्छता का प्रचार

नपा के स्लोगन को मुंह चिढ़ा रही गंदगी, वार्ड-7 में सड़क पर बदबू और बीमारी का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

कहने को रायसेन शहर स्वच्छता की दौड़ में है, हकीकत में कचरे के ढेर में है वार्ड सात का महामाया चौक। नगर पालिका परिषद ने दीवारों पर बड़े-बड़े स्लोगन लिखवा दिए - गंदगी मत करो, लेकिन उन्हीं स्लोगनों के नीचे गंदगी के पहाड़ लगे रहते हैं। कचरे के ढ़ेर पर भिनभिनाती मच्छर मक्खियों से संक्रामक बीमारियों को न्यौता देते हैं। कचरे की दुर्गंध के मारे लोग नाक पर रूमाल रखकर रहने को मजबूर रहते हैं।

शहर का वार्ड-9 गंदगी का उड़ रहा मखौल भी इसका सबसे बड़ा नमूना है। यहां गौरव टेंट हाउस के ठीक सामने सड़क किनारे पड़ा कचरा सड़ रहा है। नपा की गाड़ी हफ्तों से नहीं आई। ऐसी स्थिति में रहवासी उनके, बच्चे बदबू के बीच पढ़ने को मजबूर हैं। नाले में पड़ा कचरा गंदगी के बीच पीने के पानी की पाइप लाइन से घरों तक गंदा पानी सप्लाई होने की शिकायतें सामने आती रहती हैं।

शहर के वार्ड 16 पुरानी तहसील मोहल्ले, बस स्टैंड के बाजू और कब्रिस्तान वाले मोहल्ले के रहवासी खासे परेशान हैं। निर्दलीय पार्षद आरिफ पठान बताते हैं कि वार्ड के इन मोहल्लों में स्वच्छता संदेश लिखी दीवार के सामने ही कचरे का ढेर है। लोगों का आरोप है न गाड़ी आती है, न कचरा उठता है। हाल ही में बारिश में यही कचरा बहकर घरों में घुस रहा था। वातावरण प्रदूषित हो रहा और बीमारी का खतरा सिर पर मंडरा रहा। बस स्टैंड के नजदीक नर्सिंग गर्ल्स हॉस्टल की बाउंड्री वॉल पर सालों से स्वच्छता नारा लिखा था। उसके नीचे गंदगी पर हरिभूमि पेपर ने खबर छापी तो नपा ने गंदगी हटाने के बजाय रंगरोगन कर नारा ही मिटा दिया।



डस्टबिन तक नहीं

हैरानी ये कि अधिकतर वार्डों में एक भी डस्टबिन नहीं लगा। लोग कचरा कहां डालें ? नपा कहती है- शरारती तत्व उठा ले गए। सवाल ये कि दोबारा लगाने की आखिर जिम्मेदारी किसकी है? वार्ड सत्रह हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सालों से डस्टबीन गायब है। ऐसी अव्यवस्थाओं के बीच रहवासी आखिर कहां जाए घर का कचरा फेंकने। कचरा गाड़ी भी दो दो तीन दिन कॉलोनी में दस्तक नहीं देतीं।

इनका कहना है...

प्रत्येक वार्ड में सफाई हो रही है। जहां गंदगी है, उठवा देते हैं। लोगों को भी जागरूक होना होगा।

शशिकांत मोहोड़, स्वच्छता प्रभारी, नपा परिषद रायसेन